प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

....

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। आगामी बजट सत्र को देखते हुए ये बैठक अहम मानी जा रही है और इसमें सत्र की तिथियों पर फैसला होने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

....

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार प्राकृतिक खेती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दे रही है। उन्होंने कल शिमला में कहा कि सरकार ने किसानों को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेती की लागत को कम करने और किसानों की आय व उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दे रही है।

....

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ड्रग माफिया पर प्रदेश की सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि ड्रग माफिया के लिए कानून को सख्त बनाया जा रहा है। ऊना से जारी ब्यान में उन्होंने कहा है कि ड्रग माफिया को रोकने के लिए विधानसभा में कानून पारित कर केन्द्र सरकार को सख्त धाराओं के लिए भेजा गया है। हिमाचल को ड्रग मुक्त करने के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने ड्रग माफिया को कुचलने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है लेकिन इसमें समाज के हर वर्ग का सहयोग उपेक्षित है।

....

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में विभिन्न सड़क योजनाओं को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जायेगा ताकि प्रदेश में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा सके। कल शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से विभाग की विभिन्न योजनाओं की मंजूरी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं जिनमें से अधिकतर प्रोजेक्ट जल्द मंजूर होने की कगार पर है।

.....

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की हैंडबॉल टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वीं नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त कर हिमाचल का नाम रोशन किया है।

हमीरपुर में कल खिलाड़ियों से मुलाकात कर अनुराग ठाकुर ने कहा कि हैंडबॉल के क्षेत्र में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए इंटीग्रेटेड एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई है जिसके अन्तर्गत कबड्डी और कुश्ती के 40 खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग, बोर्डिंग, व अन्य सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

....

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है–तबादले से नाखुश कर्मी कोर्ट जाने से पूर्व विभाग में रख सकेंगे पक्ष।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–राजीव शुक्ल हटाए, रजनी पाटिल होंगी हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी।

पंजाब केसरी लिखता है–एम्स बिलासपुर में पहली बार थोरैको स्कोपी सर्जरी से किया फेफड़े के ट्यूमर का ऑप्रेशन।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–अस्पतालों से 40 साल पुरानी मशीने बदलेंगी सरकार।